>

Title: Need to expedite the construction of Tilaiya-Koderma railway line project in Jharkhand.

डॉ. भोला सिंह (नवादा): मध्य-पूर्व क्षेत्रीय रेलवे जोन हाजीपुर के अंतर्गत, तिलैया-कोडरमा रेल परियोजना अधर में लटकी हुई है। यह परियोजना राष्ट्रीय महत्व की है जो उत्तर भारत और दक्षिण भारत को जोड़ती है। इस परियोजना के पूरा होने से झारखण्ड और अंततः दक्षिण भारत से रेल सम्पर्क स्थापित होगा। इसमें लागत 600 करोड़ रूपये है। परियोजना पर कार्य राष्ट्रीय जनतांतिक गठबंधन के कार्यकाल से प्रारंभ है लेकिन इसकी मंथर गति, इसका बंद पड़े रहना चिंतन और चिंता का विषय है। इस परियोजना के कार्यान्वयन से तिलैया रेलवे स्टेशन रेल परिमंडल का स्तर प्राप्त करेगा। इससे नवादा जिला और अन्य जिले भी विकास की मंजिल प्राप्त करेंगे। मैं इस महत्वपूर्ण परियोजना के कार्यान्वयन के प्रति रेल मंत्रालय और रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करता हूं। इस महत्वपूर्ण परियोजना को विशिष्ट स्थान देते हुए इसके कार्यान्वयन में तीव्रता लाई जाए। युद्धस्तर पर इसका कार्यान्वयन हो ताकि भारत की भौतिक, भौगोलिक एकता के साथ-साथ सांस्कृतिक भूमिका भी प्रशस्त हो सके। मैं इस ओर रेल मंत्रालय का ध्यान आकृष्ट करता हूं और आशा करता हूं कि इस परियोजना के संबंध में रेल मंत्रालय सदन में एक वक्तव्य देकर उसे विश्वास में ले।